हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 19 अक्टूबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

2 495 नग प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार



## खबर संक्षेप

### स्कूलों में अवकाश आज से शुरू

**बैकुण्ठपुर।** दीपावली पर्व का अवकाश विद्यालयों में आज से शुरू हो गया है, जो एक सप्ताह से अधिक समय तक विद्यालयों के पट बंद रहेंगे। विद्यालयों के पट शनिवार को सुबह स्कूल लगने के बाद पूर्वान्ह 11:30 बजे तक लगने के बाद एक सप्ताह से अधिक दिनों के लिए विद्यालयों के पट बंद हो गए हैं। जानकारी के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दीपावली अवकाश 20 से 25 अक्टूबर तक घोषित किया है, लेकिन अवकाश शुरू होने के पूर्व रविवार तथा अवकाश समाप्त होने के बाद रविवार अवकाश पड़ रहा है। इस तरह इस बार विद्यालयों में दीपावली का अवकाश 6 दिनों के घोषित अवकाश में दो रविवार के अवकाश पड़ने के कारण कुल 8 दिनों का अवकाश मिल रहा है। वहीं घोषित अवकाश के बाद 27 अक्टूबर को छठ पर्व का अवकाश दिया गया है। इस तरह विद्यालयों में इस बार दीपावली अवकाश एक साथ नौ दिनों का मिल गया। अब 28 अक्टूबर को विद्यालयों के बंद पट खुलेंगे। एक साथ लंबा अवकाश मिल जाने के बाद शिक्षकों के साथ विद्यार्थी दीप पर्व अच्छे से मना सकेंगे।

### हर दीप में स्वदेशी उजाला



**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि इस दीपावली पर स्थानीय उत्पादों को अपनाते हुए वोकल फॉर लोकल अभियान को मजबूती दें। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने से न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी, बल्कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता भी सुनिश्चित होगी। इसी दिशा में बैकुंठपुर जनपद अंतर्गत उन्नति महिला संकुल संगठन एवं देशभक्ति महिला संकुल संगठन से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने दीपावली त्यौहार के लिए विभिन्न रंगों से सजे आकर्षक मिट्टी के दीपक, डिजाइनर दीये, सजावटी झूमर, शुभ-लाभ स्टीकर और अन्य घरेलू सजावट सामग्री तैयार की है। दीपावली पर्व के लिए तैयार किए गए इन हस्तनिर्मित सजावटी उत्पादों की बिक्री के लिए बैकुंठपुर के मुख्य बाजार में विशेष स्टॉल लगाए गए हैं। स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक इन स्टॉलों से खरीदारी कर रहे हैं और दीदियों की मेहनत को प्रोत्साहित कर रहे हैं। वोकल फॉर लोकल की भावना को साकार करते हुए जिले के स्व-सहायता समूहों की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रही हैं।

### निर्वाचन प्रेक्षक ने दावा आपत्ति कार्य का लिया जायजा

**अनूपपुर।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार अनूपपुर जिले के नगरीय निकायों में फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य जारी है, जिसके अंतर्गत आयोग द्वारा तैनात प्रेक्षक एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत अधिकारी एके सिंह ने आज नगरीय निकाय अनूपपुर में बनाए गए दावा आपत्ति केन्द्रों पर मतदाता सूची के संबंध में प्राप्त दावा आपत्ति संबंधी कार्य तथा बूथ लेवल पर प्राधिकृत कर्मचारियों के कार्यों का निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने कहा कि मतदाता सूची के संबंध में प्राप्त दावे-आपत्तियों का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निराकरण किया जाए। उल्लेखनीय है कि दावा आपत्ति केन्द्रों पर दावा आपत्ति 24 अक्टूबर तक प्राप्त किए जाएंगे।

### दिनभर गुलजार रहा बाजार, शुभ मुहूर्त में हुई खरीददारी

# धनतेरस पर जमकर हुई धनवर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

5 दिवसीय दीपावली का पर्व धनतेरस के साथ शनिवार से शुरू हो गया। इस बार शनिवार को धनतेरस का पर्व विभिन्न शुभ संयोग के साथ शुरू हुआ और इस दिन सुबह से ही धनतेरस का शुभ मुहूर्त शुरू हो गया और देर रात तक रहा, इसके चलते बाजार में विभिन्न जरूरत के सामग्रियों की जमकर खरीदी की गई।

इस बार अक्टूबर के महीने में जीएसटी में छूट सरकार द्वारा दी गई, इसे लेकर भी व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं में उत्साह भर गया था। यही कारण था कि धनतेरस के अवसर पर शहर सहित ग्रामीण अंचल के लोगों के द्वारा विभिन्न जरूरत की सामग्रियों का जमकर खरीदी करते हुए धन वर्षा की। हालांकि खरीदी के लिए धनतेरस शुभ दिन होता है, लेकिन इसके पूर्व पुष्य नक्षत्र में ही लोगों के द्वारा विभिन्न सामग्रियों की खरीदी शुरू कर दिए थे और धनतेरस के दिन तो जमकर खरीदी किए। शहर में शनिवार के दिन गुमाश्ता एक्ट के चलते व्यापारी अपनी दुकाने बंद रखते थे, लेकिन शनिवार के दिन ही धनतेरस का पर्व पड़ने के कारण भी दुकानदार अपनी-अपनी दुकाने खोली थी, जहां अपनी दुकानों को आकर्षक लाईटिंग से सजा भी रहे थे और ग्राहकों को लुभाने के लिए खरीद में छूट के साथ आकर्षक इनाम के लुभावने वायदे कर ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। शनिवार का दिन होने के बाद भी शहर का बाजार लोगों की भीड़-भाड़ से गुलजार रहा।

दोपहर से ही शहर के बाजार में लोगों की भीड़ जुटती रही और शाम ढलने के बाद विभिन्न दुकानों में खरीदी के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही, इसके चलते शहर में जमकर भीड़ दिखाई दी। इस अवसर पर यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए यातायात पुलिस सक्रिय रही और शहर के कुमार चौक से पैलेस मार्ग पर बेरिकेटिंग कर रखा था, ताकि चार पहिया वाहनों की इस मार्ग पर नो इंट्री रहे। इस मार्ग में कई अस्थाई दुकाने सड़क किनारे लगने से सर्वाधिक भीड़ होती है। इस क्षेत्र में कई बर्तनों की दुकाने सजी है। हर बार की तरह इस बार भी धनतेरस पर लोगों ने धन वर्षा करते हुए जमकर विभिन्न सामनों की खरीदी की।



बर्तन दुकान में खरीदी करते लोग।



वाहनों की लगी भीड़

#### सजावटी सामानों बिक्री तेज

दीप पर्व के पूर्व से घर की साफ-सफाई शुरू हो जाती है। मान्यता है कि साफ घर में ही लक्ष्मी का वास होता है। इसी मान्यता को लेकर लगभग लोगों के द्वारा अपने घरों की साफ-सफाई दीप पर्व आने के पूर्व शुरू कर देते हैं। घरों की रंगाई-पुताई के बाद सजावट करने में भी कमी नहीं आने दी जाती है। इसी के चलते बाजार में सजावटी सामानों की जमकर खरीदी की गई।

#### दीए से लेकर वाहनों की खरीदी

दीप पर्व को देखते हुए शहर में खरीदी करने के लिए लोगों की भीड़ प्रतिदिन जुट रही है। धनतेरस के अवसर पर सबसे अधिक लोगों की भीड़ शहर में देखने को मिली। शुभ मुहूर्त में लोग दीए से लेकर सोने चांदी, पूजा सामग्री, सजावटी सामान, कपड़े, बर्तन आदि की खरीदी करते रहे, इसके चलते शहर का बाजार देर शाम तक गुलजार रहा। वहीं कई लोगों के द्वारा शनिवार के दिन होने के कारण लोहे के सामानों की नहीं खरीदी करने की मान्यता को लेकर लोहे की वस्तुओं की खरीदी नहीं की।

#### सोने की चमक नहीं हुई कम

धनतेरस के पूर्व सोने व चांदी की आसमान छूटी कीमतों के बावजूद सोने-चांदी की चमक कम नहीं हुई। धनतेरस के दिन लोगों ने जमकर सोने-चांदी के आभूषणों के साथ चांदी के सिक्के, गणेश, लक्ष्मी की मूर्तियों की खरीदी की गई। मान्यता है कि धनतेरस के दिन सोने-चांदी की खरीदी करना शुभ होता है, इसी मान्यता को लेकर सोने-चांदी की ऊंचे भाव होने के बावजूद लोगों अच्छी खरीददारी की, इसके चलते सराफा बाजार में चमक बरकरार रही।

#### बर्तन दुकानों की चमक बढ़ी रही

धनतेरस की खरीदी के कारण शहर के बाजार में स्थाई एवं अस्थाई बर्तन दुकानों की चमक बढ़ी रही। इस दिन हर परिवार के लोग अपनी घर की जरूरत के हिसाब से विभिन्न तरह के बर्तनों की खरीदी जमकर की। इस अवसर पर सबसे अधिक ग्राहकी बर्तनों के दुकानों में देखने को मिली। शाम ढलने के बाद तो बर्तनों की दुकानों में खरीदी के लिए लोगों की भीड़ काफी रही।

## आज मनाई जाएगी छोटी दीपावली



**बैकुण्ठपुर।** धनतेरस से शुरू हुई दीप पर्व के दूसरे दिन रविवार को छोटी दीपावली मनाई जाएगी। इसके लिए लोगों के द्वारा अपने घर आंगन को पूरी तरह से धन की देवी माता लक्ष्मी की स्वागत की तैयारी कर रखी है। 19 अक्टूबर को सभी घरों के दहलीज में दीपों की रोशनी जगमग करेंगे तथा विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करेंगे। वहीं 20 अक्टूबर को बड़ी दीपावली मनाई जाएगी। इस दिन धन की देवी माता लक्ष्मी की विधि -विधान के साथ पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन को शाम ढलने के बाद सभी घरों में जगमग रौशनी की जाती है। दीयों से घर की दहलीज रौशन होता है, इसके अलावा आकर्षक रंग-बिरंग विद्युत झालरों की सजावट होती है। रात्रि में विधान के साथ मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जाती है, इसके लिए सभी लोग घरों में तैयारी पूरी कर लिए हैं।

#### रंग-बिरंगी रंगोली से सजा आंगन

दीप पर्व पर घर आंगन सिर्फ दीपों की रोशनी से जगमग नहीं होते, बल्कि इस अवसर पर घर का दहलीज एवं आंगन आकर्षक रंगोली से भी सजता है। यही कारण है कि बाजार में रंगोली का रंग भी खूब बिकता है। वर्तमान में लगभग सभी घरों के दहलीज एवं आंगनों में एक से बढ़कर एक आकर्षक रंगोली बनाई जाती है।

## माशा सारा में साइंस लर्निंग सेंटर का उद्घाटन




**बैकुण्ठपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सारा में 17 अक्टूबर को एक गौरवशाली पल आया, जब विद्यालय में जिले के दूसरे साइंस लर्निंग सेंटर का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर उत्साह और उमंग से भर उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर साइंस लर्निंग सेंटर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एमआईएस प्रशासक विनय मोहन भट्ट, एपीओ बृजराज गिरी, संकुल प्राचार्य रेखा यादव, सीएसी सारा अशोक लोधी, एसएमसी अध्यक्ष मान सिंह, उप सरपंच सुखलाल रजवाड़े, शाला परिवार, अभिभावक एवं विद्यार्थी काफी संख्या में उपस्थित रहे। उद्घाटन पश्चात शाला की प्रधान पाठक श्रीमती सुनीता तिर्की, विज्ञान शिक्षिका नीतू कुशवाहा, इंद्रमन, आलोक सिंह कश्यप और पूजा कश्यप के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विज्ञान मॉडल, टीएलएम एवं प्रयोगों का आकर्षक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य रेखा यादव ने की तथा संचालन सीएसी अशोक लोधी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथियों एवं जिला शिक्षा अधिकारी ने बच्चों और शिक्षकों के नवाचार एवं परिश्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर विज्ञान शिक्षिका नीतू कुशवाहा ने बच्चों के लिए एक टेलीस्कोप उपहार स्वरूप प्रदान किया, जिसे उन्होंने मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण की पुरस्कृत राशि से क्रय किया था।

### मानसिक एवं भावनात्मक प्रबंधन प्रशिक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह के अंतर्गत विकासखंड खड़गवां के जनपद पंचायत भवन में शनिवार को एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में जिला स्वास्थ्य टीम द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार समस्त संकुल प्राचार्य एवं माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठकगण सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी खड़गवां तथा सहायक विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी का भी विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षण का संचालन जिला नोडल अधिकारी डॉ. नम्रता चक्रवर्ती राष्टीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम ने किया।

## केबल चोरी के प्रकरण में 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



थाना चरचा पुलिस ने केबल चोरी के मामले का महज तीन दिनों में पदार्फाश करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी प्रमोद पांडे ने बताया कि 15 अक्टूबर को प्रार्थी धरमनारायण पिता स्व. जगदीश राजवाड़े, निवासी विवेकानंद कॉलोनी चरचा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह एसईसीएल चरचा में कार्यरत है। 14 अक्टूबर की रात 11 बजे से सुबह 6 बजे की ड्यूटी के दौरान कार्यस्थल 56 लेवल पंप के पास रखे लगभग 450 मीटर लंबे केबल तार को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कटर मशीन से काटकर चोरी कर लिया गया। चोरी गए केबल की कीमत लगभग 70 से 80 हजार रूपए ऑकी गई। रिपोर्ट पर थाना चरचा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने लगातार संदेहियों से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए। मंगल उर्फ गोलू पिता जनकराम बसोर 24 वर्ष, पुरूषोत्तम पार्क गोलर पिता रघुनाथ बसोर 21 वर्ष, मोहित पिता बेचनराम बसोर 21 वर्ष, अयोध्या पिता रामप्रसाद बसोर 19 वर्ष और नितेश पिता नरेश बसोर 19 वर्ष, सभी निवासी घुटरी दफाई, चरचा को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में पांचों ने केबल चोरी की वारदात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों को 17 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने चोरी किए गए केबल को अपने पास रखकर बेचने की मंशा भी कबूल की है।

## न्यू लाइफ में सीपीआर पर प्रशिक्षण




**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ हेल्थ एंड एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में 17 अक्टूबर को भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से को सीपीआर जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया।

सीपीआर प्रशिक्षण देने का उद्देश्य जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा करना, आम जनता में कार्डियों पल्मोनरी रिससिटेशन सीपीआर के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, ताकि दिल के दौरे जैसी आपात स्थिति से लोगों की जान बचाई जा सके। सीपीआर जागरूकता सप्ताह एक बड़ी सफलता है, जिसने जनता के बीच जीवन रक्षक तकनीकों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रेडक्रॉस सोसायटी की पहल से समाज को अपात स्थितियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार होने में मद्द मिली है। इस तरह के आयोजन से भविष्य में भी लोग जागरूक होते रहेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनीष कुर्रे, डॉ. अमर भूषण, तारा मरावी एवं रफीक सिद्धिकी थे। जिन्होंने सीपीआर का प्रशिक्षण क्रम से दिया व जिसमें न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के बीएससी नर्सिंग सेमेस्टर के सभी छात्र-छात्राएं व शिक्षकगण उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. मनीष कुर्रे के द्वारा सीपीआर के चरणों के बारे में जानकारी दी गई। इसमें सीपीआर (कार्डियों पल्मोनरी रिससिटेशन) के सात चरणों में घटनास्थल और व्यक्ति की जांच करना, सहायता के लिए 911 पर कॉल करना, वायुमार्ग खोलना, सांस लेने की जांच करना, छाती को दबाना, बचाव सांस देना और सीपीआर चरणों को दोहराना शामिल था तथा डॉ. अमर भूषण ने छात्र-छात्राओं को अपात कालीन स्थिति में संयम के साथ प्रबंधन करने के लिए प्रोत्साहित करना।

इस पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम एसोसिएट प्रोफेसर निहा नेन्सी एवं असिस्टेंट प्रोफेसर संगीता चिकनजूरी के द्वारा संस्था प्रबंधन के मार्गदर्शन में किया गया।

### 10 लाख की धोखाधड़ी आरोपी दंपत्ति गिरफ्तार

**अनूपपुर।** बिजुरी पुलिस द्वारा धोखाधड़ी के मामले में पुलिस टीम एवं सायबर सेल की संयुक्त कार्रवाई के दौरान तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी दंपत्ति को गिरफ्तार किया गया है। फरियादी राजकुमार महरा पिता स्व. बिरझू महरा उम्र 60 वर्ष निवासी मोहरी हाल पौराधार द्वारा 1 अक्टूबर को पुलिस को शिकायत कर बताया कि योगेश चंद्रा एवं उसकी पत्नी हेमा चंद्रा ,मनोज गुप्ता के साथ मिलकर पीएफ फंड निकलवाने की योजना बना धोखाधड़ी कर फरियादी से 9.44 लाख हड़प लिए गए। घटना विवरण पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 420, 406, 120-बी भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## चोरी का कबाड़ ले जा रहा ऑटो जब्त

**चरचा कॉलरी।** थाना चरचा क्षेत्र में अवैध कबाड़ परिवहन और चोरी की गतिविधियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। क्षेत्र में सक्रिय कबाड़ी माफिया खु ले आ म एसईसीएल परिसर, रेलवे साइडिंग और बाजार क्षेत्रों से लोहे-तांबे के टुकड़े, टूटा-फूटा सामान, टीन और प्लास्टिक सामग्री इकट्ठा कर अवैध रूप से कबाड़ के रूप में ले जा रहे हैं।



पुलिस गश्त के बावजूद यह नेटवर्क सक्रिय बना हुआ है। शनिवार की सुबह करीब 10 बजे थाना चरचा से लगभग 5 किमी दूर ग्राम पंचायत खरवत के पास एक कबाड़ से भरा ऑटो क्रमांक सीजी 7 बीबी 9387 संदिग्ध हालत में खड़ा पाया गया। स्थानीय लोगों ने वाहन को देखा तो चालक मौके से फरार था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय ने पुलिस टीम को मौके पर भेजा। टीम ने ऑटो को जब्त कर वाहन में भरे कबाड़ की जांच की। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि वाहन में एसईसीएल क्षेत्र से चोरी किए गए लोहे और अन्य कबाड़ सामग्री लदी हुई है। थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय ने बताया कि फरार चालक की पहचान कर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सक्रिय सभी संदिग्ध कबाड़ियों की पहचान की जा रही है और अवैध कारोबार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

## स्वामी आत्मानंद स्कूल पोड़ी में धूमधाम से मनाई गई दीपावली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया कॉलरी

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, नवापारा पोड़ी, चिरमिरी जिला एमसीबी में प्राचार्य शुभम अग्रवाल के मार्गदर्शन में दीपावली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रंगोली, फूलझमाला, तोरण निर्माण एवं दिया सजाओ प्रतियोगिताएं विशेष रूप से सराहनीय रहीं। प्राचार्य श्री अग्रवाल ने समस्त छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यालय परिवार को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के व्याख्याता नीरज सोनी, नेहा जैन, दीपाली कश्यप, सुनीता राजवाड़े, अभिषेक शाह, बीएन उपाध्याय, अंशुल वर्मा, अनामिका दास, प्रांजलि गुप्ता, सत्यार्थ पांडेय, जैद खान, श्रेया सोनी, परितेष मंडल, कृतिका, अनिल, दीप पोद्दार, शाश्वत पांडेय, मनमोहन सिंह, शिशिर सिंह, दशरथ सिंह, प्रियंका, विजय भनहर सहित समस्त विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।



#### नवापारा पोड़ी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

17 अक्टूबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबेहरा में जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सेजेस नवापारा पोड़ी के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और संभागीय स्तर पर अपना स्थान सुनिश्चित किया। प्रतियोगिता में कक्षा नवमी के छात्र अंश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा बारहवीं की छात्राएं रितिका साहू एवं पूजा महाराणा ने तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम जिलेभर में गौरवान्वित किया। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। प्राचार्य शुभम अग्रवाल ने विद्यार्थियों को ऐसे रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों में निरंतर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



## नवीन भवन निर्माण कार्य का विधायक भईयालाल ने किया भूमिपूजन

**बैकुण्ठपुर।** छग मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अंतर्गत शिवपुर चरचा नवीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चरचा, शासकीय आयुर्वेद औषधालय नगर एवं शासकीय आयुर्वेद औषधालय उमझर के नवीन भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक भईयालाल राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष शिवपुर चरचा अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, पार्षद धर्मपाल, श्रीमती सुषमा कोराम सभापति स्वच्छता एवं स्वास्थ्य समिति, श्रीमती सौभाग्यवती सिंह सदस्य जिला पंचायत कोरिया, सरपंच नगर मोतीलाल सिंह आदि की उपस्थित 17 अक्टूबर को संपन्न हुआ।

इस अवसर पर आयुष विभाग जिला कोरिया के जिला आयुष अधिकारी डॉ. एल्वीना ग्रेस टोप्पो एवं विभाग के चिकित्सक, कर्मचारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### स्टाफ नर्स से गाली गलौज करने वाला युवक गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** 16 अक्टूबर को सीएचसी रघुनाथनगर में लाल सिंह अगरिया ने अपने भाई के उपचार में देरी का आरोप लगाकर जमकर उत्पात मचाया गया। युवक ने अस्पताल में शराब के नशे में महिला स्टाफ नर्स के साथ गाली गलौज करने के साथ ही उसे जान से मारने की धमकी दी गई। इसके साथ ही शासकीय कार्य में 2 घंटे तक बाधा उत्पन्न किया गया। इस मामले में स्टाफ नर्स श्रीमती राजकली आयाम ने थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के बाद एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी राम अवतार ध्रुव के नेतृत्व में पुलिस ने जांच उपरांत ग्राम रमेशपुर निवासी 42 वर्षीय सिंह लाल अगरिया आ. रोसे को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 221, 224, 296, 351(2) के तहत गिरफ्तार किया है।

### चोर ले उड़ने 95 हजार कीमत के पाइप, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** बौरीपारा निवासी अजय अग्रवाल आ. रामचंद्र अग्रवाल (45 वर्ष) ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह नल जल का काम करता है। नल जल में लगाने के लिए 95 हजार कीमत के तीन बंडल पाइक को भाई सियाराम अग्रवाल के किराए के मकान के समीप दरिमा चौक खुले स्थान में रखा था। 26 से 29 सितंबर के रात चोरों ने तीनों बंडल पाइप को चोरी कर ले गए। जबकि इससे पूर्व पाइप अपने स्थान में दिख रहा था। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### 65 लाख रुपए के राशन गबन मामले में महिला गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** 65 लाख रुपए के राशन गबन मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। गबन के मामले में अपराध दर्ज होने के बाद पुलिस एक



महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। बता दें कि खाद्य विभाग ने शहर के घुटरा पारा क्षेत्र में संचालित तीन शासकीय उचित मूल्य दुकानों की जांच की गई थी। सितम्बर 2022 से 31 मार्च 2024 की स्थिति में किए गए भौतिक सत्यापन के दौरान तीनों दुकानों के स्टॉक में चावल 1,631.29 क्विंटल, शक्कर 10.43 क्विंटल और चना 48.34 क्विंटल कम पाया गया। तीनों दुकानों से 64 लाख 94 हजार रुपए के राशन गायब होने की पुष्टि हुई थी। इस दौरान अधिकारियों ने दुकान संचालकों को स्टॉक में कम मिले राशन की भरपाई करने का भी मौका दिया था लेकिन उनकी ओर से कोई पहल नहीं की गई। ऐसे में खाद्य निरीक्षक शिव कुमार मिश्रा ने इस मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की थी। शिकायत व जांच रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली पुलिस ने संबंधित समिति के अध्यक्ष पवन सिंह, उपाध्यक्ष सुनीता पैकरा और विक्रेताओं फरहान सिद्दीकी, प्रिंस जायसवाल, सैफ अली व मुकेश यादव के खिलाफ भादवि की धारा 420, 409, 120(बी), आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3,7 के तहत अपराध दर्ज किया था। अब इस मामले में पुलिस ने घुटरा पारा नहर रोड निवासी 29 वर्षीया सुनीता पैकरा आ. गणेश पैकरा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी महिला तीनों दुकानों की उपाध्यक्ष थी। पुलिस द्वारा मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश भी की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकान्त सिन्हा, उनि विजय गुप्ता, आरक्षक आनंद गुप्ता, नितिन सिन्हा, अतुल सिंह सक्रिय रहे।

### ट्रैक्टर की टक्कर से गंभीर युवक की गई जान

अम्बिकापुर। अजिरमा निवासी राम कुमार आ.राजू राम (21 वर्ष) 16 अक्टूबर की सुबह स्कूटी से घूमने निकला था। इसी बीच रास्ते में भगवानपुर निवासी प्रेम कुशवाहा के ट्रैक्टर से एक्सीडेंट हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### आंगनबाड़ी सहायिका से अभद्रता करने पर युवक के विरुद्ध अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस ने खरसुरा ख़ासपारा स्थित आंगनबाड़ी सहायिका प्रार्थीया गंगोत्री राजवाड़े पिता बलजीत रजवार की रिपोर्ट पर गांव के युवक खुलेशर राजवाड़े के खिलाफ बीएनएस की धारा 296,351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है,आंगनबाड़ी सहायिका ने दर्ज कराए रिपोर्ट में बताया कि वह खरसुरा ख़ासपारा के आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर कार्यरत है,पिछले दिनों वह एक बच्चे को छोड़ने उसके घर जा रही थी,तभी आरोपी खुलेशवर ने उसे रास्ते में गाली देते हुए बच्चों को ठीक से नहीं संभालती हो कह कर मारने के लिए दौड़ाया,घटना से डरी सहमी सहायिका किसी तरह वहां से भाग कर अपनी जान बचाई,और फिर पुलिस चौकी पहुंच आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है,मामले की करंजी पुलिस जांच कर रही है।

### समाजसेवी सुरेश पर मंत्री अग्रवाल ने जताया शोक

**डांडगांव।** उदयपुर विशुनपुर निवासी सुरेश बंसल का 63 वर्ष की आयु में गुरुवार की शाम हृदयघात होने से आकस्मिक निधन होने से उदयपुर विकास खंड में शौक की लहर व्याप्त है। स्वर्गीय सुरेश बंसल अग्रवाल समाज से आते हैं।

## ग्राम ककनेसा में हुई घटना

# छुही मिट्टी निकालने के दौरान खदान धंसने से दबकर महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

शुक्रवार को छुही मिट्टी खदान धंसकने से एक महिला की दबकर मौत हो गई। मृतिका गांव की अन्य महिलाओं के साथ मिट्टी निकालने के लिए गई हुई थी। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कड़ी मशक्कत के बाद महिला को निकालकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके साथ ही इस घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई है जिसका उपचार जारी है। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

**खास बात**

- एक अन्य महिला हुई घायल, जांच में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है कि थाना बसंतपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुरमुट्टी निवासी 35 वर्षीया सविता बाई पति विजय कुमार गांव की तीन अन्य महिलाओं के साथ छुही मिट्टी निकालने के लिए ग्राम ककनेसा गई हुई थी। ग्राम ककनेसा में छुही मिट्टी की खदान है और इस खदान से आ पास से बड़ी संख्या में ग्रामीण मिट्टी निकालने आते है। दीपावली के समय इस खदान से छुही मिट्टी निकालने का सिलसिला बढ़ जाता है। शुक्रवार की सुबह सविता बाई भी गांव की अन्य महिला के साथ सुरंग में घुसकर मिट्टी निकाल रही थी। इसी बीच अचानक सुरंग के ऊपर मिट्टी गिर गई और दोनों महिलाएं दब गई। खदान की मिट्टी धंसकने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। महिलाओं की चीख पुकार सुनकर आस पास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। खदान की मिट्टी में एक महिला के शरीर का कुछ हिस्सा दबा हुआ था जिसे तत्काल बाहर निकाला गया लेकिन सविता खदान के अन्दर दबी हुई थी।





मिट्टी में दबी महिला, निकालते लोग।

### आधे घंटे बाद निकली महिला

बताया जा रहा है कि खदान के अंदर मिट्टी में दबी महिला सविता बाई को निकालने के लिए ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत की। कुदाल-फावड़ा की मदद से आधे घंटे तक मिट्टी हटाने के बाद महिला को बाहर निकाला जा सका। दोनों महिलाओं को उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने महिला सविता बाई को मृत घोषित कर दिया इसके साथ ही घटना में घायल दूसरी महिला का उपचार जारी है। इस संबंध में बसंतपुर थाना प्रभारी जितेन्द्र सोनी ने बताया कि छुही खदान से मिट्टी निकालने के दौरान दबकर एक महिला की मौत हुई है और एक महिला घायल है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को परिजन के सुपुर्द किया गया है।

### त्यौहारी सीजन में होती है घटनाएं

सरगुजा संभाग में अनेकों छुही मिट्टी की खदानें है और दीपावली सहित अन्य त्यौहारी सीजन में इन खदानों से असुरक्षित तरीके से मिट्टी निकालने का सिलसिला शुरू हो जाता है। ऐसे में प्रति वर्ष खदान धंसने से लोगों की मौत होती है लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि अधिकारी समय रहते इसपर रोक लगाने का काम नहीं करते जिससे घटनाएं होती है। ककनेसा में जहां हादसा हुआ, वहां छुई मिट्टी निकालने के लिए सुरंग बना दी गई थी। उपरी हिस्सा भारी होने के कारण आज छुई मिट्टी निकालने के दौरान दब गया, जिससे हादसा हुआ। यह ग्राम पंचायत ककनेसा के क्षेत्र में आता है।



# बतौली सम्मेलन में स्वदेशी उत्पादों को मिला बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के सामुदायिक भवन बतौली में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान अंतर्गत वोकल फॉर लोकल विधानसभा स्तरीय सम्मेलन संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अनुराग सिंहदेव और विधायक रामकुमार टोप्पो की उपस्थिति में महिला-पुरुष उद्यमियों, व्यवसायियों और कामगारों को शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

परिसर में स्थानीय उद्यमियों द्वारा अपने स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री स्टॉल लगाए गए, जहां कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और लोगों ने स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी कर वोकल फॉर लोकल के संदेश को मजबूत किया। कैबिनेट मंत्री पद का दर्जा प्राप्त होने के बाद पहली बार बतौली पहुंचे अनुराग सिंहदेव का कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया। अनुराग सिंह देव ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य तभी संभव है जब हम स्थानीय उत्पादों, कारीगरों और छोटे व्यवसायों को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल केवल एक नारा नहीं, बल्कि देश की आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में एक मजबूत कदम है। प्रत्येक नागरिक को स्वदेशी उत्पाद अपनाने की दिशा में जागरूक रहना चाहिए। विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव के उद्यमी, किसान,

# 495 नग प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

- इनोवा क्रिस्टा वाहन से कर रहे थे तस्करी

नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इनोवा क्रिस्टा वाहन से नशीली दवाओं की तस्करी करने के मामले में तीन लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 495 शीशी प्रतिबंधित नशीली दवा जब्त की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



बता दें कि आईजी दीपक झा व एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान एसपी के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी राम अवतार ध्रुव के नेतृत्व में यूपी और छग सीमा के क्षेत्र में विशेष निगरानी की जा रही है। इस अभियान के तहत 16 अक्टूबर को चौकी प्रभारी धीरेन्द्र तीवारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक इनोवा क्रिस्टा वाहन में भारी मात्रा में नशीली दवाओं की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस ने चौकी के सामने घेराबंदी कर बनारस की ओर से आ रही इनोवा क्रिस्टा क्रमांक यूपी 70 ईडी 7182 को रोककर उसकी जांच की गई। जांच के दौरान वाहन से पांच कार्टून डब्बे में 495 नग नशीला कफ सीरप कोडेक्ट्स बरामद किया गया। बरामद किए गए कफ सिरप की कीमत 73 हजार 755 रुपए है। पुलिस ने इस मामले में सरगुजा जिले के मैनपाट कम्लेश्वरपुर निवासी 22 वर्षीय नागेश्वर यादव आ. मुरारी यादव, बतौली परसाडांड निवासी 24 वर्षीय अतुल यादव आ. मुरारी लाल यादव, मुरताडांड निवासी 20 वर्षीय सुग्रीव उर्फ पिन्दु यादव आ. रामजी यादव को कफ सिरप, इनोवा क्रिस्टा वाहन के साथ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 (ग) के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी धीरेन्द्र तिवारी, सउनि पुष्पराज सिंह, प्रधान आरक्षक परमेश्वर साहू, आरक्षक अंकित जायसवाल, देवकुमार, रामगोपाल, विनोद कुमार, विनोद मरावी सहित अन्य सक्रिय रहे।

# पार्टी मनाने के बाद नहाने उतरे चार युवकों में से लापता एक युवक का दूसरे दिन भी नहीं चला पता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



नदी में युवक का तलाश करते एसडीआरएफ की टीम, इनसेट में युवक।

थाना क्षेत्र के ग्राम गोरखनाथपुर से गुजरी रेड़ नदी के समीप पार्टी मना रहे चार युवकों में से एक लापता हुए युवक का आज दूसरे दिवस भी पता नहीं चल सका है,अपने तीन दोस्तो के साथ घर से पार्टी मनाने निकले युवकों में एक के देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनो ने रात्रि में पुलिस को सूचित किया,आज शुक्रवार को दूसरे दिवस पुलिस ने नगर सेना के गोताखोरों के साथ पूरे दिन घटना स्थल के आसपास तलाशी अभियान चलाया लेकिन लापता युवक किशन यादव पिता राजकुमार यादव 19 वर्ष निवासी टूए नर्सरी कॉलोनी झोपड़पट्टी का आज दूसरे दिवस भी कोई पता नहीं चल सका जिसके बाद रात्रि के कारण तलाशी अभियान को रोक दिया गया है।

बताया गया कि लापता युवक किशन यादव अपने तीन अन्य मित्रों संजय यादव,तारक दास,पुनीत यादव के साथ गुरुवार को दोपहर बाद पार्टी मनाने गोरखनाथपुर फिल्टर प्लांट के समीप रेड़ नदी की तरफ गए थे,साथी दोस्तो के मुताबिक सभी दारू मुर्गा की पार्टी के बाद स्नान करने नदी में उतरे थे, स्नान करने के बाद तीनों नदी से बाहर आ गए लेकिन किशन यादव 19 वर्ष का पता नहीं चला,कुछ देर बाद सभी घर लौट आए जब किशन को घर वालों ने नहीं देखा तो उसके दोस्तों से उसके विषय में जानकारी ली तो उन्होंने किशन के घर वालों को बताया कि साथ में नदी में नहा रहा था,तब से वह बाहर नहीं निकला।नदी में किशन के नदी में डूबने की आशंका पर परिजन उसके तीनों दोस्तों को लेकर सीधे थाने पहुंचे, बताया गया कि शराब के नशे में तीनों धुत्त थे, वे कुछ कह पाने की स्थिति में नहीं थे,पुलिस ने तीनों से मामले को जाना और फिर रात में ही एसडीआरएफ टीम को सूचना देकर प्रातः बुला लिया गया।आज शुक्रवार को एसडीआरएफ टीम को लेकर पुलिस घटना स्थल रेड़ नदी पहुंची यहां पुलिस और गोताखोर दिन भर डटे रहे।बताया गया कि आज दूसरे दिन भी युवक नशे में थे, इस कारण घटना की वास्तविक स्थिति की जानकारी पुलिस को नहीं मिल पाई,अनुमान यह लगाया जा रहा है कि नशे की हालत में स्नान के दौरान युवक डूब गया होगा।पुलिस ने बताया कि नदी के अतिरिक्त आसपास के इलाके में भी युवक की तलाशी की जा रही है,तीसरे दिवस भी नदी में युवक की तलाशी के लिए गोताखोरों को बुलाया गया है।

# बिहार की आईडी से क्लोनिंग कर बना रहे थे आधार कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

नगर पंचायत कुसमी क्षेत्र में अमित ऑनलाइन सेंटर द्वारा आधार क्लोन के माध्यम से फर्जी आधार कार्ड तैयार किए जाने की सूचना पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की।

प्राप्त शिकायत के बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व करूण डहरिया के निर्देशन में तहसीलदार कुसमी सुश्री रॉकी एक्का तथा जिला प्रबंधक सीएससी निशांत सिन्हा की संयुक्त टीम ने संबंधित ऑनलाइन सेंटर की जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि सेंटर संचालक अमित पैकरा द्वारा फर्जी तरीके से आधार क्लोन के माध्यम से आधार कार्ड बनाए जा रहे थे। इस गंभीर अनियमितता पर तहसीलदार सुश्री एक्का ने तत्काल कार्रवाई करते



हुए सेंटर को सीलबंद कर दिया और आगे कार्रवाई शुरू की गई। अनुविभागीय अधिकारी करुण डहरिया ने बताया कि फर्जी दस्तावेजों की तैयारी या नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी से छेड़छाड़ करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे अपने आधार कार्ड या व्यक्तिगत जानकारी किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या संस्था को न दें।

# मृत मां को गाली देता था इसलिए चार्जिंग केबल से गला घोंटकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

चार्जिंग केबल से भाई की गला घोंटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बता दें कि 15 अक्टूबर को थाना अंतर्गत ग्राम खड़ादोरना में एक युवक की गला घोंटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया था। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई थी कि खाना बनाने को लेकर विवाद में युवक ने भाई की हत्या की थी। अब पुलिस ने इस मामले में खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार 14 अक्टूबर को खड़ा दोरना निवासी अमोस लकडा खाना खाकर घर



के अंदर सोया हुआ था जबकि उसका छोटा भाई निलेश लकड़ा व पिता रामचरण लकडा भी दूसरे कमरे में सोए हुए थे। 15 अक्टूबर की सुबह अमोस लकड़ा मृत पाया गया और उसके गले में निशान था। रात में अमोस व निलेश लकड़ा के बीच विवाद की बात सामने आई थी। एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस संदेही 18 वर्षीय निलेश लकडा आ. राम चरण लकड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि मृतक अमोस अक्सर मृतक मां को गाली बकता था। घटना दिवस की रात भी मृतक अमोस अपनी ही मृत मां को गाली गलौज कर रहा था इसी बात से आक्रोशित होकर उसे मोबाइल चार्जर के केबल से उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी निलेश लकडा को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर सीआर चंद्रा, सउनि रामकरण राजवाड़े, प्रधान आरक्षक नीरज पाण्डेय, आरक्षक राकेश यादव, महेन्द्र नाथ, देवनाथ भगत सक्रिय रहे।

## 90 दिन के भीतर अभियोग पत्र पेश करने के निर्देश

# एसएसपी ने ली समीक्षा बैठक, प्रभारियों को तकनीकी रूप से सक्षम व अपडेट रहने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर द्वारा जिला पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में आज अपराध समीक्षा बैठक आयोजित किया। बैठक में उन्होंने विजिबल पुलिसिंग पर जोर देते हुए अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा सुरक्षा व शांती व्यवस्था कायम रखने के लिए कड़े कदम उठाने, वैधानिक कार्यवाही करने के साथ-साथ आवश्यकता अनुरूप बाउण्ड ओव्हर की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।


**खास बात**

- कहा-साइबर क्राईम के खिलाफ चलाए जागरूकता अभियान

आगामी दिनों में पर्व के दौरान सजगता से ड्यूटी करने एवं भीड़भाड़ वाले जगहों पर भ्रमणशील रहने, गुम मोबाईल रिकव्हरी दर को बढ़ाने,साइबर जागरूकता के लिए साइबर सुरक्षा संवाद कार्यक्रम निरंतर आयोजित कर साइबर फ्राड के पीड़ित को खुद के साथ घटित फ्राड की जानकारी को साझा करने हेतु प्रोत्साहित कर जागरूकता फैलाने, सड़क दुर्घटना के जोखिम को कम करने ब्लैक स्पोर्ट पर सुरक्षात्मक उपाए कराने, नियमित रूप से वाहन चेकिंग कर लापरवाहों पर सख्ती बरतने एवं नशीली दवाओं और मादक पदार्थो के व्यापार पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। एएसपी ने लंबित अपराध एवं शिकायतों की समीक्षा कर निराकरण में तेजी लाने के निर्देश देते हुए थाना प्रभारियों से कहा कि आज का दौर तकनीक का है जो तकनीकी रूप से सक्षम होगा। अपराधों के कायमी के बाद समयसीमा 30-60-90 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से अभियोग पत्र न्यायालय में पेश करें। साइबर फ्राड के मामलों में गिरफ्तार आरोपियों की लिंकेज डिटेल जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने एवं साइबर फ्राड के शिकायत पर ततकाल एक्शन लेने के निर्देश दिए ताकि पीड़ित की आर्थिक क्षति को कम किया जा सके। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एसएस पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, डीएसपी अनूप एक्का, रितेश चौधरी, एसडीओपी राजेश जोशी, नरेन्द्र सिंह पुजारी, अभिषेक पैंकरा, डीएसपी अजाक पीडी कुजूर सहित जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे।



अधिकारियों से चर्चा करते एसएसपी।



## धुरंधर का टाइटल ट्रैक रिलीज, फिर दिखा रणवीर का एक्शन अवतार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों में अपनी आगामी फिल्म 'धुरंधर' से चर्चा में हैं। जबसे फिल्म का फर्स्ट लुक सामने आया है, तबसे इसे लेकर दर्शकों में उत्सुकता बढ़ गई है। अब फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। निर्माताओं ने 2 मिनट 39 सेकंड का ट्रैक जारी किया है, जिसके बोले हैं 'ना दे दिल परदेसी नू...'। इसमें अभिनेता रणवीर सिंह का खूंखार अवतार दिख रहा है और उन्हें फुल एक्शन मोड में देखा जा रहा है। एक्टर को दुश्मनों पर जोरदार वार करते देखा जा सकता है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' में रणवीर सिंह ने एक सीक्रेट एजेंट का रोल किया है, जो पाकिस्तान में रहकर आतंकियों का सफाया करता है।

लाइफ Style

# सामंथा

## मेरा सब सोशल मीडिया पर रहा

साउथ सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने एक कार्यक्रम में अपने कॅरियर के साथ-साथ सोशल मीडिया को लेकर भी अपने विचार दिए। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पोस्ट पर लाइक्स मिलना स्ट्रगल है।


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मेरी लाइफ कोई परफेक्ट नहीं है, लेकिन मैं अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने की कोशिश कर रही हूं। 'मैं केवल अपने सफर और अपनी जर्नी पर बात करती हूं। मैं दूसरो के सफर पर नहीं बोल सकती, लेकिन खुद के लिए बोल सकती हूं और जितना हो सके रियल रहने की कोशिश करती हूं। मेरी बीमारी, मेरा अलगाव...सब सोशल मीडिया पर रहा, खूब जज भी हुई और चीजों को लेकर ट्रोल भी हुई। सोशल मीडिया पर लोगों को इतनी एक्सेस मिल गई है कि ये कभी-कभी किसी के लिए बहुत डीमोटिवेटिंग भी हो सकता है, क्योंकि सबकी जिंदगी एक जैसी नहीं होती। सामंथा रुथ प्रभु ने कहा है कि यूथ को अपने मेंटर चुनने में बहुत सतर्क रहना चाहिए, क्योंकि ये आपकी जिंदगी को बहुत प्रभावित करते हैं। तो सोशल मीडिया पर किसी को फॉलो करने से पहले आपको देखना चाहिए कि आप किसे फॉलो कर चुके हैं।

एक्ट्रेस अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुआ कहा, 'मैं बहुस साधारण परिवार से हूं, कभी मेरा परिवार खाने के लिए भी संघर्ष कर रहा था, जब मेरी पहली फिल्म हिट हुई मैं रातों रात स्टार बन गई। नेम, फेम, पैसा, शोहरत सब मिला। मैंने दो साल काम नहीं किया ,क्योंकि मैं चाहती थी कि ऐसा काम करूं जो बतौर एक्टर और इंसान मुझे कुछ बेहतर बनाए।




हॉलीवुड मसाला



## दो साल में दोगुनी हो गई नेटवर्थ

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और सॉन्ग राइटर टेलर स्विफ्ट इस वक्त दुनिया की सबसे पॉपुलर, सबसे सफल, सबसे अधिक कमाई कर रहीं आर्टिस्ट हैं। 35 साल की इस सिंगर की आवाज और खूबसूरती के पीछे फैंस दीवाने हैं। दो साल पहले 2023 में वह अरबपति बनी थीं, तब उनकी नेटवर्थ 1.24 बिलियन डॉलर यानी करीब 10,904 करोड़ रुपए आंकी गई थी। लेकिन, अब एक रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने सिर्फ दो साल में अपनी संपत्ति लगभग दोगुनी कर ली है। वर्तमान में टेलर स्विफ्ट की कुल संपत्ति 2.1 बिलियन डॉलर (लगभग 18,450 करोड़ रुपए) आंकी गई है। इसका सबसे बड़ा श्रेय, टेलर स्विफ्ट के 12वें स्टूडियो एल्बम, द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल और उनके वर्ल्ड टूर को जाता है।




## टॉम क्रूज और एना डे अरमास का हुआ ब्रेकअप

**नई दिल्ली।** मिशन इम्पॉसिबल और टॉप गन जैसी सफल फिल्में देने वाले हॉलीवुड के सुपरस्टार टॉम क्रूज पिछले कुछ महीने से 37 साल की एक्ट्रेस एना डे अरमास के साथ अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में थे। दोनों को जुलाई में साथ हाथों में हाथ डाले वेकेशन मनाते हुए स्पॉट किया गया था, जिसके बाद ही दोनों के अफेयर की खबरों ने सुर्खियां बटोरी थी। हालांकि, अब एक ऐसी खबर सामने आई है, जिससे फैंस का दिल टूटने वाला है। 63 साल के टॉम क्रूज का चौथी बार ब्रेकअप हो गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो उन्होंने और एना डे अरमास के साथ 9 महीने की डेटिंग के बाद अपना रिश्ता खत्म कर दिया है। एना डे अरमास और टॉम क्रूज ने म्यूचली अपने रिश्ते को खत्म करने का निर्णय लिया है। रिपोर्ट्स की मानें तो, दोनों ने एक-दूसरे के साथ जितना समय बिताया वह अच्छा था, लेकिन कपल के रूप में उनका रिश्ता खत्म हो चुका है। वह दोस्त रहेंगे, लेकिन अब एक-दूसरे को डेट नहीं कर रहे हैं। उन्हें ये एहसास हो गया था कि उनके बीच में दूरियां बढ़ रही हैं और वह ज्यादा समय बतौर पार्टनर रिश्ता नहीं चला पाएंगे।



## जॉय फोरम में एक साथ दिखे शाहरुख-आमिर और सलमान

**मुंबई।** यूट्यूबर मिस्ट बीस्ट यानी जिम्मी डोनाल्डसन ने सोशल मीडिया पर अपनी नई तस्वीर से सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है। दरअसल, मिस्टर बीस्ट ने बॉलीवुड के तीन सुपरस्टार खान शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की है और अपने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। यह तस्वीर सऊदी अरब के रियाद में हुए जॉय फोरम से आई है। मिस्टर बीस्ट ने यह तस्वीर बीती 16 अक्टूबर को रात को अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर की है। इस तस्वीर में मिस्टर बीस्ट को तीनों खान के साथ हैप्पी मोमेंट शेयर करते देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुई इस तस्वीर में शाहरुख खान ऑल ब्लैक सूट-बूट पहने हुए नजर आ रहे हैं। 'मिस्टर बीस्ट' का भी डैपर लुक दिख रहा है।



## अर्जुन की झोली में आई राइज एंड फॉल की ट्रॉफी

**मुंबई।** अर्जुन बिजलानी शो 'राइज एंड फॉल' के पहले सीजन के विजेता बने हैं। छह फाइनलिस्ट में हुए मुकाबले में अर्जुन ने शो की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं, आरुष भोला पहले रनरअप, अरबाज पटेल शो के दूसरे रनरअप रहे। रियलिटी शो की शुरुआत 15 प्रतिभागियों के साथ हुई थी। शो में अर्जुन बिजलानी, आरुष भोला और अरबाज पटेल तीन फाइनलिस्ट के रूप में चुने गए। इनमें से अर्जुन बिजलानी पहले सीजन के विनर बने हैं। शो 'राइड एंड फॉल' को 'शार्क टैंक इंडिया' के पूर्व जज अशनीर ग्रोवर ने होस्ट किया। यह शो प्रतिभागियों के सनसनीखेज और तीखे बयानों के चलते खूब सुर्खियों में रहा। भोजपुरी एक्टर पवन सिंह भी इस शो में नजर आए। हालांकि, उन्होंने शो बीच में ही छोड़ दिया था। अर्जुन को ट्रॉफी के अलावा 28 लाख 10 हजार रुपए का नकद इनाम मिला है।

टीवी मसाला




## घरवालों के लिए नेहल ने दिया बलिदान, फैमिली लेटर का किया त्याग

**नई दिल्ली।** बिग बॉस में अब हंगामे बढ़ते ही जा रहे हैं। हाल के एपिसोड में कैप्टेंसी टास्क हुआ, जहां फरहाना भट्ट एक ऐसा बोल्ड मूव लेती हैं, जिससे सब हैरान हो गए। खुद को कैप्टेंसी कंटेनडर्स की लिस्ट में रखने के लिए फराना ने नीलम गिरी के पैरेंट्स द्वारा लिखे लेटर को फाड़ देती हैं। फरहाना की इस हरकत से नीलम गिरी इमोशनल हो जाती हैं और रोने लगती हैं। इस पर गौरव खन्ना उन्हें लेटर के कुछ पीस देते हैं और उन्हें शांत रहने को बोलते हैं। लेकिन, फिर बिग बॉस इस टास्क को रद्द कर देते हैं, जिससे घरवाले हैरान हो जाते हैं। इन सबके बीच अब एक नया प्रोमो सामने आया है जिसमें बिग बॉस नेहल चुडासमा जो फिलहाल घर की कैप्टन हैं उन्हें दोबारा मौका देते हैं, लेकिन एक बड़े प्राइज के साथ। बिग बॉस नेहल को बोलते हैं कि उन्हें अपना लेटर सैक्रिफाइज करना होगा, ताकि बाकी कंटेस्टेंट्स को उनका मिल चुके। प्रोमो में बसीर अली और अशनूर कौर अपने लेटर पढ़ते हैं तो नेहा इमोशनल हो जाती हैं। फरहाना और बसीर जहां नेहल की तारीफ करते हैं। हालांकि रियल कंडीशन स्पष्ट रूप से सामने नहीं आई है, लेकिन प्रोमो से नेहल की ओर से एक बड़े त्याग का संकेत मिलता है। वहीं, इसके अलावा लेटेस्ट एपिसोड में अमाल और फरहाना के बीच बड़ा हंगामा हुआ है जब फरहाना, नीलम का लेटर फाड़ देती हैं। अमाल उनके फैसले को बुरा बताते हैं।

### बिग बी ने खोला अपना डाइट सीक्रेट

**नई दिल्ली।** केबीसी 17 का जूनियर्स वीक चल रहा है। इसमें होस्ट अमिताभ बच्चन और कंटेस्टेंट्स के बीच इंट्रेस्टिंग बातें सामने आ रही हैं। अमिताभ बच्चन के सामने स्पूहा तुषार शिंखेड़े नाम की कंटेस्टेंट थीं। वह उनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर तारीफ कर रहे थे। तभी उनकी मां ने बताया कि उनकी बेटी ऑल राउंडर तो है, लेकिन खाने में बहुत कच्ची है।



इस पर अमिताभ बच्चन ने बताया कि वह क्या-क्या खाते हैं। स्पूहा की मां ने अमिताभ बच्चन को बताया कि उनकी बेटी धीरे-धीरे खाती है और बाकी चीजों में भी ढीली है। इस पर स्पूहा बिग बी से पूछती हैं, 'जैसे मैं धीरे खाती हूं, आपकी खाने-पीने की आदतें कैसी हैं?' इस पर अमिताभ बच्चन बोले, 'कुछ चीजें मैं नहीं खाता। चावल, केक, पेस्ट्री नहीं खाता। मुझे जलेबी पसंद है, लेकिन खा नहीं सकता। पर जो मिलता है खा लेता हूं।' अमिताभ बच्चन ने आगे बताया, 'एक रूटीन है जिसे मैं मेनटेन करता हूं, क्योंकि मुझे सेट्स पर जल्दी आना पड़ता है। वर्ना ये लोग नौकरी से निकाल देंगे। मैं रात के 1 बजे घर पहुंचता हूं। मुझे आप लोगों से जो प्यार मिलता है, उसी से पेट भरा रहता है।'

## इश्क से रोशन हुईं बॉलीवुड की दीपावली पार्टी

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिवाली पार्टियां सोशल मीडिया पर इन दिनों छा चुकी हैं। इन पार्टियों की चर्चा के बीच कुछ रूमर्ड कपल्स भी खबरों में हैं। कुछ बेझिझक साथ दिख रहे हैं तो कुछ अलग-अलग एंट्री लेकर एक ही दिवाली पार्टी में दिखे हैं।

### सुहाना -अगस्त्य

शाहरुख खान की बेटी सुहाना और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की डेटिंग की खबरें लंबे समय से सुनने को मिल रही हैं। लेकिन, इस कपल ने अब तक अपना रिलेशन ऑफिशियली अनाउंस नहीं किया है। पिछले साल दोनों रानी मुखर्जी की दिवाली पार्टी पर साथ दिखे थे। इस साल डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में मौजूद थे। सुहाना और अगस्त्य का एक वीडियो भी वायरल भी पार्टी से वायरल हुआ, जिसमें दोनों 'कजरारे ' सॉन्ग पर डांस कर रहे हैं।



### फातिमा -विजय

पिछले कुछ समय से विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की डेटिंग की भी चर्चा है। ये दोनों भी मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में मौजूद थे। फातिमा ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर विजय वर्मा के साथ कुछ तस्वीरें भी पोस्ट की हैं। विजय वर्मा की बात करें तो पहले वह तमन्ना भाटिया को डेट कर चुके हैं, लेकिन कुछ महीने पहले इनका ब्रेकअप हो गया।

### तारा सुतारिया-वीर पहाड़िया

तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया का इश्क अभी नया-नया है। हाल ही में दोनों वेकेशन पर भी साथ गए। सोशल मीडिया पर भी एक-दूसरे की तारीफों के पुल तारा और वीर बांधते रहते हैं। हाल ही में फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में दोनों ने साथ एंट्री ली। पैपराजी को साथ में पोज दिए।


### इब्राहिम -पलक

सैफ अली खान के बेटे और एक्टर इब्राहिम अली खान टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी के साथ अक्सर देखे जाते हैं। सोशल मीडिया यूजर्स पलक को इब्राहिम की रूमर्ड गर्लफ्रेंड मानते हैं। मुंबई में हुई एक दिवाली पार्टी में इब्राहिम और पलक अलग-अलग पहुंचे। इस पार्टी से दोनों के अलग-अलग वीडियो भी वायरल हुए। बताते चलें कि पलक तिवारी की इब्राहिम अली खान की बहन सारा अली खान के साथ भी अच्छी बनती हैं। एक बार सारा, इब्राहिम और पलक को साथ में आउटिंग पर देखा गया था।

## दीपावली पर ओटीटी के साथ थियेटर गुलजार!

**नई दिल्ली।** दीपावली के अवसर पर भारतीय दर्शकों का खूब मनोरंजन होने जा रहा है। फेस्टिव सीजन पर सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर एक से बढ़कर एक फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। इनमें हॉरर-कॉमेडी से लेकर इंटेंस ड्रामा तक शामिल हैं। इनमें हर वर्ग के दर्शक के लिए फिल्में और सीरीज उपलब्ध हैं।

**महायोद्धा राम 3डी :** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल कपूर और मौनी रॉय की माइथोलॉजिकल एपिक महायोद्धा राम 3डी 17 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हो गई। रायजादा रोहित जयसिंह वैद ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। यह 3डी फिल्म भगवान राम के राजकुमार से धर्म के लिए लड़ने वाले योद्धा तक का सफर दिखाएगी. इसमें जिमी शेरगिल और गुलशन ग्रोवर भी अपनी आवाज का जादू बिखेरते दिखाई देंगे।



*भागवत चैप्टर 1 – राक्षस : यह मशहूर अभिनेता जितेंद्र कुमार और अरशद वारसी की डार्क थ्रिलर सीरीज है। इंस्पेक्टर विश्वास भागवत मिसिंग गर्ल्स केस को सुलझाते समय कुछ डार्क सीक्रेट्स को सामने लाता है। अक्षय शेरे ने इसे डायरेक्ट किया है। ज्योति देशपांडे ने इसे प्रोड्यूस किया है। यह 17 अक्टूबर को जी5 पर रिलीज हो गई।*

**थामा :** बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना की वैम्पायर हॉरर-कॉमेडी का इंतजार इस दीपावली पर खत्म हो रहा है। इसमें रश्मिका मंदाना उनके अपोजिट दिखाई देंगी। यह 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. आदित्य सरपोतदार ने इसे डायरेक्ट किया है। मैडॉक फिल्म्स प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म में एक शख्स की कहानी है जो जाने-अनजाने में एक पिशाच को जगा देता है और खुद भी एक पिशाच बन जाता है।

**एक दीवाने की दीवानियत :** इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की जोड़ी दिखाई देगी. इसमें इंटेंस लव स्टोरी, पैशन, और हार्टब्रेक की इमोशनल कहानी है। मिलाप मिलन जावेरी ने इसे डायरेक्ट किया है। यह पहली बार है जब हर्षवर्धन और सोनम की जोड़ी बड़े पर्दे पर दिखाई देगी। यह 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### कहानी में पिरोई गई है पारिवारिक ताने-बाने और रिश्तों की अहमियत

# बॉलीवुड की इन फिल्मों में दिखती हैं दीपावली की झलकियां

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड फिल्में हमेशा से हमारे समाज का आईना रही हैं। देश की सामाजिक समस्याओं से लेकर अलग-अलग हिस्सों के रीति-रिवाजों और कल्चर को दिखाने में ये फिल्में कभी पीछे नहीं रहीं। भारतीय त्योहारों की झलकियां भी इन फिल्मों में देखने को मिलती रही हैं। फिर चाहे वो होली हो या दीपावली। 20 अक्टूबर को दिवाली का त्योहार है तो हम उन फिल्मों की बात करेंगे जिनमें रोशनी के पर्व की खूबसूरत झलकियां देखने को मिलती हैं। इन फिल्मों में पारिवारिक ताने बाने की झलक भी दिखाई गई है।

### कभी खुशी कभी गम

'कभी खुशी कभी गम' में शाहरुख खान और जया बच्चन के बीच दिखाया गया प्रतिष्ठित दिवाली दृश्य हर सिनेप्रेमी के दिल में बसा हुआ है। जया बच्चन, शाहरुख खान की मां का किरदार निभा रही हैं। वो अनजाने में ही उनके आने का आभास कर लेती हैं। करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, ऋतिक रोशन और करीना कपूर भी लीड भूमिकाओं में थे।

### मोहब्बतें

साल 2000 में आई शाहरुख खान की मशहूर फिल्म 'मोहब्बतें' में दिवाली का एक गाना 'जोड़ों में बंधन है' था। इस मधुर गाने ने सभी के दिलों में खास जगह बनाई है, खास तौर पर स्टार-स्टडेड कास्ट की वजह से। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्देशित इस म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म में अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या राय बच्चन, उदय चोपड़ा, जुगल हंसराज, जिमी शेरगिल, शमिता शेट्टी जैसे कई कलाकार भी थे।



### आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया

*'आई है दिवाली सुनो जी घरवाली' ये गाना फिल्म 'आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया' का है। इस गाने से ही साफ है कि फिल्म में दिवाली को बहुत ही शानदार तरीके से मनाया गया है। इसमें गोविंदा और जूही चावला सहित कई स्टार्स नजर आए थे।*

### वास्तव

*संजय दत्त को गैंगस्टर के रूप में पेश करते हुए 'वास्तव' परिवार के महत्व के बारे में बात करती है। दिवाली के त्यौहार के दौरान संजय अपने परिवार से मिलने के लिए अपने ठिकाने से बाहर आते हैं। फिल्म में एक ऐसा क्षण था जहां संजय दत्त अपनी मां (रीमा लागू) को अपने द्वारा पहने जाने वाले सोने की कीमत समझाते हैं, जबकि सबसे मशहूर डायलॉग 'ये देख पच्चास तोला'बोलते हैं। महेश मांजरेकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में नम्रता शिरोडकर, संजय नार्वेकर, मोहिनीश बहल, परेश रावल, रीमा लागू और शिवाजी साटम भी मुख्य किरदारों में थे।*

### हम आपके हैं कौन

साल 1994 की बॉलीवुड फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में दिवाली का एक प्यारा सा दृश्य था, जिसमें रेणुका शाहणे का किरदार त्यौहार के बीच ही एक प्यारे बच्चे को जन्म देता है। पूरा परिवार उसके आगमन के अवसर पर दिवाली मनाता है। इस फिल्म का एक पॉपुलर गाना 'दिक्तना' यादगार है। सूरज बड़जात्या द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सलमान खान, माधुरी दीक्षित और मोहनीश बहल भी अहम भूमिकाओं में थे।

### चाची 420

कमल हासन की 'चाची 420' में एक सीन था जिसमें चाची भारती की ट्यूटर के तौर पर दुर्गाप्रसाद भारद्वाज के घर जाती हैं, जहां वह भारती को एक भयानक पटाखे की घटना से बचाती हैं। 1993 की हॉलीवुड फिल्म मिसेज डाउटफायर से प्रेरित इस हिंदी कॉमेडी रीमेक में तब्बू, अमरीश पुरी, ओम पुरी, जॉनी वॉकर, परेश रावल, राजेंद्रनाथ जुत्शी, आयशा जुल्का, नासिर और फातिमा सना शेख ने अहम भूमिकाएं निभाई थीं।

### तारे जमीन पर

आमिर खान की फिल्म 'तारे जमीन पर' में भी दिवाली का त्योहार धूमधाम से मनाते दिखाया गया है। हालांकि, फिल्म के मेन कैरेक्टर ईशान के लिए दिवाली खुशी का नहीं बल्कि दुख का कारण था क्योंकि वो अपने माता-पिता से दूर एक बोर्डिंग स्कूल में था।

## खबर संक्षेप

### न्यू लाईफ में भगवान धनवंतरी पूजा



**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग के नए भवन में धनतेरस के शुभ अवसर पर चिकित्सा एवं आयुर्वेद के देवता भगवान धनवंतरी की पूजा विधिवत आयोजित किया गया। मान्यता है कि धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरी अमृत कलश लेकर समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे, इसलिए इस दिन को उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है। भगवान विष्णु के इस अवतार की पूजा विशेष रूप से धनतेरस पर की जाती है। इस कार्यक्रम में संस्था के संचालक डॉ. प्रिंस जायसवाल एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

### ग्राम बुंदेली में रजत जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** छग राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में रजत जयंती महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 17 अक्टूबर को विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम बुंदेली में विकासखंड स्तरीय रजत जयंती महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य गठन के बाद पिछले 25 वर्षों में हुई उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना और भविष्य के छग निर्माण में आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। आयोजन में ग्रामीणजन, किसान, महिलाएं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विभाग द्वारा उप संचालक कृषि, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के मार्गदर्शन में किया गया। विभागीय अधिकारियों ने कृषकों को राज्य एवं केन्द्र पोषित कृषक हितैषी योजनाओं की जानकारी दी तथा कृषि से संबंधित समसामयिक विषयों पर चर्चा की।

### आपदा प्रबंधन को लेकर जिला स्तरीय टेबल टॉप बैठक 29 को

**बलरामपुर।** भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राज्य एवं जिलों में बाढ़ आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने एवं संभावित बाढ़ जैसी परिस्थितियों से निपटने सीएसएसआर बाढ़ बचाव परिदृश्य पर 29 अक्टूबर को टेबल टॉप (बैठक) तथा 30 अक्टूबर को मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा। जिले में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा अपर कलेक्टर आरएस लाल व जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी शिवकुमार कठुतिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिलाने मिलेगा अवसर

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किए जा रहे हैं। इसके तहत असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, जल वितरण संचालक, मेसन जनरल (राज मिस्त्री), डाटा एंट्री ऑपरेटर, फील्ड टेक्निशियन ए.सी., जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, सिविंग मशीन ऑपरेटर (सिलाई) एवं डेस्कटॉप पब्लिशिंग जैसे ट्रेडों में युवाओं को आधुनिक तकनीकी कौशल सिखाया जाएगा।

## देवनगर की टीम ने खो-खो और कबड्डी में जमाया दबदबा

# सांसद खेल महोत्सव में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजनगर

विकासखंड रामानुजनगर में 15 से 16 अक्टूबर तक विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। दो दिवसीय आयोजन में क्षेत्र के लगभग 400 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में पारंपरिक खेल खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्साकशी, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, गोला फेंक और लंबी कूद का आयोजन किया गया।

**खास बात**

- रामानुजनगर ने वॉलीबॉल में मारी बाज़ी

प्रतियोगिता में देवनगर की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कबड्डी के पुरुष और महिला दोनों वर्गों में जीत हासिल की, वहीं खो-खो में भी देवनगर की टीम ने अपना वर्चस्व कायम रखा। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में रामानुजनगर की टीम विजेता रही, जबकि रस्साकशी पुरुष वर्ग में पंपानगर की टीम ने जीत दर्ज की। व्यक्तिगत खेलों में विभिन्न ग्रामों से आए खिलाड़ियों ने भी सराहनीय प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।



अतिथियों के साथ खिलाड़ी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजलाल राजवाड़े उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में नयन सिदार,पवन सिंह, सौभाग्य दुबे, गुलाब सिंह, संध्या राजवाड़े, किरण साहू, भगवती पैकरा, फुलेश्वर सिदार, विजय सिरदार, रन सिंह टेकाम, राजलाल राजवाड़े, हेमदास मिश्रा, सुमित साहू सहित जनप्रतिनिधि के अलावा मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय राय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएस. लकड़ा, बीआरसी मनोज जायसवाल, बीपीओ रवी नाथ तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विकासखंड के समस्त व्यायाम शिक्षक, खेल सहयोगी शिक्षक-शिक्षिकाएं, जनपद पंचायत के अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप शर्मा द्वारा किया गया।



## श्रमदान कर की गई साफ- सफाई

**बरबसपुर।** जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत महाराजपुर में अमृत सरोवर में रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के द्वारा श्रमदान कर अमृत सरोवर महाराजपुर का साफ-सफाई किया गया और जिला पंचायत उपाध्यक्ष एमसीबी राजेश साहू के द्वारा सभी को शपथ दिलाई गई कि हम अपना गांव गली नगर चौक चौराहा आसपास गंदगी नहीं करेंगे साफ सुथरा रखेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे कि कोई भी कहीं गंदगी ना फैलाएं। प्रत्येक सप्ताह में 2 घंटे का समय देकर अपना गांव गली नगर चौराहा साफ-सुथरा रखें। श्रमदान में मुख्य रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, महाराजपुर सरपंच श्रीमती बुटल सिंह, सचिव संतलाल साहू, उप सरपंच नरेश यादव, भाजपा मंडल नागपुर मीडिया प्रभारी महेश साहू ,महावीर लकड़ा, सुनील कुजूर, सुनील अगरिया, संदीप अगरिया, राजू मिंज ,ब्रिजेश, महिला पांच श्रीमती बुद्धमनीय व अन्य उपस्थित रहे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू महाराजपुर का अमृत सरोवर बहुत अच्छी जगह 43 से लगा हुआ है।

## नर्सिंग से शत प्रतिशत मिलती है शिक्षा

**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग बैकुंठपुर के द्वारा नर्सिंग पाठ्यक्रम उपरांत बेहतर भविष्य के संबंध में अवगत कराया गया कि, वर्तमान में नर्सिंग की शिक्षा एक बेहतर विकल्प है, जो कोरिया जिले में ही रहकर प्राप्त किया जा सकता है एवं रोजगार की शत-प्रतिशत गारंटी देता है। न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग इंडियन नर्सिंग काउंसिल दिल्ली, छग शासन, नर्सो के पंजीयन के लिए स्टेट नर्सिंग काउंसिल रायपुर एवं आयुष विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के कुल सचिव के द्वारा विश्वविद्यालय से संबंद्ध समस्त निजी नर्सिंग महाविद्यालय को भारतीय उपचर्या परिषद् (आईएनसी) से उपयुक्तता प्राप्त करने के संबंध में निर्देश जारी किया गया है। न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग बैकुंठपुर को सत्र 2015 से लगातार आईएनसी से संबंद्धता/उपयुक्तता प्राप्त हो रहा है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कोरिया जिले अंतर्गत संचालित नर्सिंग संस्थानों में न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग बैकुण्ठपुर को आईएनसी से उपयुक्तता प्राप्त हो चुका है। आज देश दुनिया में जितनी तेजी से नए-नए हॉस्पिटलों का निर्माण हो रहा है, बीमारी एवं मरीजों की संख्या बढ़ रही है। वर्तमान में ज्यादा से ज्यादा नर्सिंग पदों पर भर्ती हो रही है। बीएससी नर्सिंग उपरांत पीजी, एमएससी नर्सिंग कोर्स किया जा सकता है। नर्सिंग अंतर्गत कार्डियोलॉजी, पीडियाट्रिक्स, आप्थेल्मोंलॉजी, आथार्पेडिक्स आदि विभिन्न क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं। नर्सिंग क्षेत्र में एमफील, पीएचडी कोर्स भी किया जा सकता है।






### 23 को भाईदूज पर स्थानीय अवकाश घोषित

बलरामपुर। कलेक्टर बलरामपुर द्वारा स्थानीय अवकाश में आंशिक संशोधन किया गया है। पूर्व में 21 नवम्बर को दीपावली का दूसरा दिन गोवर्धन पूजा के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था। चूंकि राज्य शासन ने 21 नवम्बर 2025 को गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में राज्य के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। घोषित स्थानीय अवकाश के स्थान पर अब कलेक्टर द्वारा 23 अक्टूबर को भाई दूज के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

## बीएमएस ने ठेका कर्मियों के शीघ्र बोनस भुगतान कराने हेतु सीआईएल प्रबंधन के समक्ष रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

भारतीय मजदूर संघ के कोल प्रभारी के.लक्ष्मा रेड्डी के नेतृत्व में सीआईएल प्रबंधन के साथ बैठक गत दिनों आयोजित हुई,ठेका श्रमिकों के पीएलआई-बोनस भुगतान में हो रही देरी को लेकर बीएमएस नेताओं ने नाराजगी जाहिर की,बैठक में कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद,निदेशक मानव संसाधन डॉ.विनय रंजन, ईडी एचआर गौतम बनर्जी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे,बीएमएस नेताओं ने सीआईएल प्रबंधन से कहा कि ठेका श्रमिकों का बोनस भुगतान नहीं किया जा रहा है,जिसका निराकरण अतिशीघ्र किया जाना आवश्यक है,मामले में सीआईएल प्रबंधन ने तत्काल सभी अनुषांगिक कंपनियों को निर्देशित किया कि दीवाली के पूर्व ठेका कामगारों को पीएलआई- बोनस का भुगतान किया जाए,बताया गया कि प्रबंधन के निर्देश के बाद सहयोगी कंपनियों ने अपने क्षेत्रीय महाप्रबंधकों को बोनस भुगतान के लिए पत्र भेजना शुरू किया है।बैठक में अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के अध्यक्ष संजय चौधरी,महामंत्री सुजीत सिंह, संजय सिंह,अशोक मिश्रा,सुधीर घुरडे,सुस्मिता पटेल की मौजूदगी रही,बैठक में सभी भूमिगत खदानों में मैन राईडर,सभी खदानों में पीने के पानी की व्यवस्था, महिला एवं पुरूष कर्मियों के लिए अलग अलग शौचालय,भूमिगत खदानों में शौचालयों की व्यवस्था प्रदान की जाए,नियमित गैर अधिकारी कर्मियों की भर्ती किया जाए,नियमित कर्मचारियों की भागीदारी न्यूनतम 50 प्रतिशत किया जाए,कोल इंडिया, सिंगरेणी और नैवेली में कार्यरत सभी ठेका मजदूरों को एचपीसी वेजेस, सामाजिक सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा, आवासीय व्यवस्था, जॉब सुरक्षा, सालाना बोनस, सीएमपीएफ भुगतान एवं अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं का पुख्ता क्रियान्वयन, सुरक्षा नियमों के धड़ल्ले से हो रहे उल्लंघन पर रोक लगाते हुए सुरक्षा नियमों का शत-प्रतिशत पालन कराने,अंधाधुंध उत्पादन टारगेट से हो रहे प्रक्षण एवं असुरक्षित माइनिंग पर यथाशीघ्र अंकुश लगाने, सीएमपीएफ संगठन को सुचारित करने, कोल इंडिया और उसकी सभी अनुषांगिक कंपनी में मल्टी-स्पेशालिटी अस्पताल का निर्माण करने,सेवानिवृत्त कर्मियों के सीपीआरएमएस स्कीम में कैशलेस इलाज कराने व सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को स्मार्ट कार्ड यथाशीघ्र प्रदान करने, कोल इंडिया के सभी अनुषांगिक कंपनी और सिंगारेणी एवं नैवेली कंपनी में एक जैसा सदस्यता सत्यापन, चेक ऑफ सिस्टम, आईआर प्रणाली करने,रिस्ट्रिक्टड सर्टिफिकेट धारक माइनिंग संवर्ग के गैर अधिकारी से अधिकारी वर्ग में पदोन्नति करने,कोल उद्योग में महिलाओं के लिए आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने,भूमि अधिग्रहण पॉलिसी में आवश्यक सुधार कराने जैसे अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा कर मांग की गई।

- बीएमएस ने ठेका कर्मियों के शीघ्र बोनस भुगतान कराने हेतु सीआईएल प्रबंधन के समक्ष रखी मांग

## जैतहरी महाविद्यालय में युवा उत्सव कार्यक्रम

**अनूपपुर।** शासकीय महाविद्यालय जैतहरी में सत्र 2025-26 के तीन दिवसीय युवा उत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत चित्रकला, भाषण, कोलाज, मूर्तिकला, कार्टूनिंग, पोस्टर निर्माण, वाद-विवाद, रंगोली एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, साथ ही एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य तथा नाटक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो.संगीता उइके ने कहा कि युवा उत्सव की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को एक मंच उपलब्ध कराती हैं, ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं।




### सुनील बने युवा केवट समाज के ब्लॉक अध्यक्ष

भैयाथान। भैयाथान में युवा केवट समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष सुनील नाविक भोलू, उपाध्यक्ष मनित केवट, प्रताप नाविक, राजेश कांशी, सचिव दीपेश कांशी, विजय नाविक, सह सचिव पंकज नाविक, नवीन कांशी, विवेक कांशी, प्रवक्ता निलेश नाविक, संरक्षक कृष्णा केवट, बबलू केवट, राकेश केवट, रिंकू नाविक, कार्यकारिणी सदस्य अमित केवट, दीपक केवट, जगदीश केवट, आकाश केवट, आंनद केवट सहित अन्य को शामिल किया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष सुनील नाविक ने कहा की निषाद समाज ने जो जिम्मेदारी दिया है।

## हायर सेकेंडरी स्कूल बड़सरा की 30 छात्राओं को मिली साइकिल

**भैयाथान।** हायर सेकेंडरी स्कूल बड़सरा में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत 30 नव प्रवेशी नवमी कक्षा की छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए सरस्वती साइकिल योजना भाजपा सरकार की एक दूरदर्शी पहल है। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाएं अब समय पर विद्यालय पहुंच पा रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से बालिकाओं के चेहरों पर खुशी झलक रही है। इस अवसर पर सर्व यादव समाज के जिलाध्यक्ष रमाशंकर यादव ने कहा कि अध्ययन अध्यापन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसलिए शासन द्वारा यह साइकिल दी जा रही है। एसएमडीसी अध्यक्ष शिव कुमार पांडेय ने छात्राओं को लगन से अध्ययन करने और आगामी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य बर्नाड कुजूर, व्याख्याता एसके पांडेय, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ली समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व, पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले की कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में त्यौहारों के मद्देनज़र जिले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

कलेक्टर श्री जयवर्धन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिवाली एवं छठ पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो, इसके लिए संवेदनशील और प्रमुख क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने पर्व के अवसर पर सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। सभी छठ घाटों पर पर्याप्त व्यवस्था, पटाखा दुकानों के समीप सुरक्षा उपायों तथा आपात स्थिति से निपटने की तैयारी के लिए अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा उन्होंने जिले में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने, ड्रंक एंड ड्राइव के मामलों पर सख्त कार्रवाई करने और ओवरलोड वाहनों पर नियंत्रण रखने के लिए कड़ी से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक के दौरान दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुधार कार्य करने और आवश्यक संकेतक बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर, सुनील अग्रवाल, जिले के सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)**
ईकोर्ट रा.प्र.क्र. ....................
/अ-6/2024-25
//ईश्तहार//

सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 09 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, आवेदक श्रीप्रकाश आ. स्व. मंगलप्रसाद जाति जायसवाल निवासी बैकुण्ठपुर जिला कोरिया ने आवेदन पेश किया है। आवेदक ने अपने आवेदन पत्र में लेख किया है कि आवेदक एवं अनावेदक प्रमोद कुमार आ. स्व. मंगल प्रसाद एक ही परिवार के सदस्य है एवं सगे भाई है तथा आवेदक एवं अनावेदक की स्वामित्व की भूमि ग्राम बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 09 में स्थित ख.नं. 76/9/ग, 76/74, 76/75, 76/76 रकबा क्रमशः 0.0952, 0.0090, 0.0290, 0.0458 कुल रकबा 0.1790 हे. स्थित है जो संयुक्त रूप से दर्ज है। अनावेदक को पैसों की आवश्यकता होने पर अपने हिस्से की भूमि उक्त दर्शित भूमि में से ख.नं. 76/76, 76/74 रकबा 0.0458, 0.0090 हे. योग कुल रकबा 0.0548 हे. को अपने सहमति से आवेदक का सहमति प्राप्त कर क्रेता नाजरीन बानों पति अफताब अहमद निवासी बैकुण्ठपुर वाले के पास ब्रिकी कर दिया गया है। जिस कारण से अनावेदक राजी खुशी से अपना नाम उक्त दर्शित बैकुण्ठपुर स्थित खाता क्र. 885 की शेष बकाया भूमि की राजस्व रिकार्ड से नाम विलोपित कराने हेतु पूर्ण रूप से सहमत है। आवेदक उक्त खाते की शेष बकाया भूमि की राजस्व रिकार्ड से अनावेदक का नाम विलोपित किये जाने का निवेदन किया है।

अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियो को यदि कोई आपत्ति हो, तो वे दिनांक 30/10/25 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)**
ईकोर्ट रा.प्र.क्र. ..................
/अ-6/2024-25
//ईश्तहार//

सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 09 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, आवेदक श्री प्रकाश जायसवाल आ. स्व. मंगलप्रसाद जायसवाल निवासी बैकुण्ठपुर ने आवेदन पेश किया है। आवेदक ने अपने आवेदन पत्र में लेख किया है कि दानकर्ता प्रमोद जायसवाल आ. स्व. मंगलप्रसाद जायसवाल निवासी बैकुण्ठपुर के द्वारा दिनांक 05.02.2005 को एक पंजीकृत दानपत्र का निष्पादन करते हुये बैकुण्ठपुर स्थित भूमि ख.नं. 361/1ज रकबा 0.012 हे. वर्गफीट भूमि को आवेदक के पक्ष में सदैव के लिये दान कर दिया है। तभी से आवेदन उक्त भूमि पर काबिज कास्त है। आवेदक उक्त दान पत्र के आधार पर उक्त भूमि का नामांतरण किये जाने का निवेदन किया है।

अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियो को यदि कोई आपत्ति हो, तो वे दिनांक 30/10/25 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)**

संभाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मद्रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मद्रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

TOP IN KORIYA
प्रवेश प्रारंभ
राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
हर्रापारा, बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)
B.SC. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स) योग्यता- 12वीं (बायो + P.N.T.) न्यूनतम 45% से उत्तीर्ण
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स) योग्यता- 12वीं किसी भी विषय से 40% से उत्तीर्ण
छ.ग. शासन के नियमानुसार काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश की जानकारी (दिशा-निर्देश) हेतु संपर्क करें
छ.ग. शासन, आई.एन.सी., सी.जी.एन.आर.सी. एवं आयुष वि.वि. से मान्यता प्राप्त
स्कॉलरशीप- शासन के नियमानुसार 100% जॉब की गारंटी
पता - होटल गंगा श्री के पीछे वार्ड नं. 01 हर्रापारा, बैकुण्ठपुर, जिला- कोरिया (छ.ग.) मो. 9301618774, 6267331210, 9399620536
mail id- rajwade.inst.nursing@gmail.com website- www.rajwadeinstitute.in

Run By: New Life Health & Education Society
"न्यू लाईफ" इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बैकुण्ठपुर
बैंक ऑफ इण्डिया के बगल में, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) 497335
Contact-7909486006,7909977703,07836-232359
प्रवेश प्रारंभ 2025-26
बी.एस.सी. नर्सिंग (4 वर्षीय) 12th-Bio+PNT
छ.ग. शासन,आई.एन.सी., सी.जी.एन.आर.सी. एवं आयुष विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त
12वीं पास छात्र एवं छात्राओं हेतु नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
शासन द्वारा समस्त छात्रवृत्ति का लाभ
AI TOLL FREE No. 08068890538 (24X7)
हॉस्टल, बस, मेस, आधुनिक लाईब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, प्रायोगिक लैब इत्यादि की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षण संस्थानः जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना | रीजनल हॉस्पिटल चरचा

online Booking:-www.tripuryatra.com
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- [+5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411